
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 21 साल में कांग्रेस व बीजेपी सरकार ने राज्य को किया बर्बाद

**एलान**

## पूरी दुनिया में आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित होगा उत्तराखंड: मनीष सिसोदिया

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड को पूरी दुनिया की आध्यातमिक राजधानी के रूप में आप पार्टी विकसित करेगी। यह अरविंद केजरीवाल की गारंटी में शामिल है। ऐसा दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रेस वार्ता में कहा। सिसोदिया ने कहा कि ऐसी गारंटी देने पर भाजपा व कांग्रेस पार्टी मजाक उड़ाती है। लेकिन ईमानदारी की राजनीति करने पर यह सब संभव है।

बृहस्पतिवार को काशीपुर बाईपास रोड स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में मनीष सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश के लोग आम आदमी पार्टी को भाजपा व कांग्रेस के विकल्प में देख रहे हैं। चारों तरफ कांग्रेस व बीजेपी की नाकामी की चर्चा है कि किस तरह 21 साल में कांग्रेस व बीजेपी सरकार ने राज्य को बर्बाद किया। कांग्रेस व बीजेपी के नेताओं के बैंक बैलेंस बढ़ते चले गए, लेकिन लोगों को कुछ नहीं मिला। अरविंद केजरीवाल की गारंटी में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति, पहाड़ों में महोल्ला क्लिनिक की सुविधा देना।




आप पार्टी की सरकार में हर परिवार को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। ऐसा करने पर लोगों के बिजली के बिल जीरो हो जाएंगे। इसके साथ ही 18 वर्ष की महिलाओं को एक हजार रुपये भत्ता दिया जाएगा। युवाओं के लिए एक लाख नौकरियां दी जाएंगी, बेरोजगारों को प्रतिमाह पांच हजार रुपये भत्ता दिया जाएगा। वहां नंदलाल प्रसाद आदि थे। प्रेस वार्ता के बाद मनीष सिसोदिया ने गांव–गांव में जाकर डोर–टू–डोर कैंपेन किया।

**60 हजार नौकरियां राज्य में खाली पड़ी हैं:** सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश के सैनिकों की स्किल्स बढ़ाकर राज्य को आगे बढ़ाया जाएगा। राज्य में 60 हजार नौकरियां खाली पड़ी हैं। बीजेपी सरकार ने खाली पड़े पदों को भरने की घोषणा करके सत्ता हासिल की। लेकिन उसमें उन्होंने कह दिया यह तो जुमला है। कहा कि पहाड़ के युवाओं को जब रोजगार मिलेगा, अच्छी शिक्षा मिलेगी तब जाकर पलायन रुकेगा। तब उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों के लोग यहां आकर नौकरियां करेंगे।

**राज्य को चाहिए अच्छे अस्पताल और अच्छे स्कूल:** सिसोदिया ने कहा कि पहाड़ों में अच्छे अस्पताल नहीं होने से महिलाओं को प्रसव के लिए नीचे लाना पड़ता है। ऐसे में कई बार महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। इस लिए आप पार्टी पहाड़ों में महौल्ला क्लिनिक खोल रही है। राज्य के लोगों को ईमानदार राजनीति चाहिए। कहा कि राज्य बनने के बाद नेताओं ने बैंक बैलेंस भर लिए। उनकी नामी संपत्ति से ही बेईमानी झलक जाती है। मनीष सिसोदिया ने हरिद्वार में कनखल स्थित जगद्गुरु आश्रम पहुंचकर शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से आशीर्वाद लिया था।

## न्यूज डायरी

### सीमेंट के मकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक

**संवाददाता** पुरोला। मोरी ब्लाक के बंगाण क्षेत्र के जागटा गांव में एक सीमेंट के मकान के एक कमरे में आग लगने से वहां रखा सामान जलकर भस्म हो गया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना बृहस्पतिवार सुबह पांच बजे की बताई जा रही। बंगाण क्षेत्र के जागटा गांव में चमन सिंह के मकान के एक कमरे में आग लग गई जिससे वहां रखा सारा सामान जलकर स्वाह हो गया। आगजनी की सूचना मिलते ही पुरोला से फायर सर्विस गांव के लिए रवाना कर दी गई थी लेकिन इस से पूर्व ही ग्रामवासियो द्वारा आग पर नियंत्रण कर दिया गया था। तहसीलदार चमन सिंह ने बताया कि जागटा गांव में सीमेंट के मकान के एक कमरे में आग लग गई थी जोकि ग्रामीणों द्वारा नियंत्रित कर दी गई थी। आग से कमरे में रखा सामान बिस्तर इत्यादि जलकर स्वाह हो गए।

### कच्ची शराब के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। लक्सर की थाना खानपुर पुलिस ने कच्ची शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से 70 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खानपुर थाना प्रभारी संजीव थपलियाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सतर्कता बरत रही है। अभियान के तहत थाना खानपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान ग्राम तुगलपूर खालसा के जंगलों में कच्ची शराब की भट्टियों पर छापा मारा गया। वहीं टीम ने मौके से आरोपी गुरमुख निवासी तुगलपुर खालसा, नरेंद्र उर्फ लाडी निवासी कमलपुर चंद्रपुरी को गिरफ्तार किया।

### फरंटलाइन वर्कर्स टैक्नोलॉजी की पैदा होने वाले रोजगार के अवसरों को लेकर उत्साहित

**संवाददाता** देहरादून। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने आज स्पेशल वर्क ट्रेंड इंडेक्स रिपोर्ट से मिली जानकारियों को जारी किया जिसमें फ्रंटलाइन वर्कर्स पर ध्यान दिया गया है। इस रिपोर्ट में सभी उद्योगों में फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए खास जानकारी, चुनौतियों और अवसरों के बारे में बताया गया है। इस रिपोर्ट में कारोबारी परिणामों के साथ–साथ कर्मचारियों की सेहत व उनकी देखभाल को भी संतुलित करने का सुझाव दिया गया है। इसके अलावा, जरूरी कामगारों के बोझ को कम करने में टैक्नोलॉजी की मदद के बारे में भी इस रिपोर्ट में बताया गया है। राजीव सोढी सीओओ माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने कहा पिछले दो वर्षों के दौरान हमारे फ्रंटलाइन वर्कर्स ने किसी भी अन्य कार्यबल के मुकाबले इस महामारी का बोझ अपने ऊपर उठाया है।

# कुवैत भेजने के नाम पर पांच लोगों से धोखाधड़ी

**संवाददाता** रुद्रपुर। कुवैत भेजने के नाम पर रुद्रपुर की एक एजेंसी का मालिक बलिया निवासी पांच युवकों से डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर फरार हो गया। दिल्ली से फ्लाइट पकड़ने के लिए गुरुवार को रुद्रपुर पहुंचे युवक टिकट के लिए एजेंसी पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। साथ ही संबंधित व्यक्ति का फोन भी बंद बता रहा है। ऐसे में पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रसड़ा, बलिया निवासी मंजीत चौहान पुत्र बच्चू चौहान ने बताया कि उसके साथ चार अन्य साथी चितरंजन पुत्र बजरंगी, संजय पुष्पक, आजाद चौहान व चंद्रशेखर निवासी नगरा, बलिया ने कुवैत जाने की योजना बनाई। बताया कि आजाद व चंद्रशेखर पहले भी कुवैत से कमाई कर वापस आ चुके हैं। करीब एक माह पहले उनकी जान–पहचान रुद्रपुर के एक युवक से हुई। जिसकी माडल कालोनी में वीजा एंड पासपोर्ट की एजेंसी है।

पांचों ने कुवैत जाने के लिए आनलाइन युवक के खाते में डेढ़ लाख रुपये भेज दिए। जिसके बाद उसने 14 तारीख को दिल्ली से कुवैत की फ्लाइट का टिकट बुक किया। बुधवार को मंजीत अपने चारों साथियों संग सुहेलदेव एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए चला, लेकिन आरोपित एजेंसी वाले युवक ने उनसे दिल्ली न जाकर कार्यालय रुद्रपुर आने को कहा। बरेली ट्रेन से उतने के बाद वह रुद्रपुर पहुंचे। यहां माडल कालोनी पहुंचे तो कार्यालय पर ताला लटका मिला। आस–पास पूछताछ करने पर भी कोई पता नहीं चला।



## उत्तराखण्ड दौरे के दूसरे दिन सिसोदिया ने किच्छा में किया जनसंपर्क

**संवाददाता** रुद्रपुर। चुनावी दौरे पर उत्तराखण्ड आए दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया गुरुवार को रुद्रपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस और भाजपा की कार्यशैली की कड़ी आलोचना की। उन्होंने किच्छा विधानसभा के जवाहरनगर क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मनीष सिसोदिया ने भाजपा और कांग्रेस को निशाना बनाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। आम आदमी पार्टी को लेकर प्रदेश के लोगों मे काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस और भाजपा ने प्रदेश की जनता को ठगा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तराखंड की जनता को चार गारंटी दी है। सरकार में आते ही इन गारंटी को पूरा करना हमारा लक्ष्य है।

# विधानसभा चुनाव स्थगित किए जाने मामले की सुनवाई 15 फरवरी को

**संवाददाता** नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट में राज्य में ओमीक्रोन व कोरोना के मामले बढ़ने से विधान सभा के चुनाव व रैलियों को स्थगित किये जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को सुनने के बाद अगली सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि नियत की है। बीरवार को चुनाव आयोग और भारत सरकार ने अपना पक्ष कोर्ट में रखा। दोनों ने कहा कि आयोग ने इस सम्बंध में 8 जनवरी को एक गाइड लाइन जारी की है। .गाइड लाइन में कहा गया है कि 15 जनवरी तक चुनाव रैलियां बन्द कर रखी जाएं। उम्मीदवारों का नामांकन ऑनलाइन होगा, नॉमिनेशन फीस

**चुनाव आयोग और भारत सरकार ने अपना पक्ष कोर्ट में रखा**

ऑनलाइन जमा होगी। शपथपत्र व अन्य पेपर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दायर होंगे। अनावश्यक वाहनों के लिए भी गाइड लाइन जारी की है। 15 जनवरी तक आयोग ने स्टार प्रचारकों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं। इस पर कोर्ट ने आयोग से कहा कि महामारी को देखते हुए स्वयं संज्ञान लें। कोरोना के केसों को देखते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि सीनियर सिटीजन को बूस्टर डोज उनके घरों में ही लगाई जाएं। जो लोग बूस्टर डोज लगाने के लिए सेंटर जा सकते हैं, उन्हें सेंटर में लगाई जाएं। जिला निगरानी कमेटियों की रिपोर्ट के बारे में सरकार की तरफ से मुख्य स्थायी अधिवक्ता चन्द्र शेखर रावत ने कहा कि उनके पास 13 में से 9 जिला निगरानी कमेटियों की रिपोर्ट आ गयी है। चंद्र शेखर ने कहा कि रिपोर्ट का निरीक्षण करना अभी बाकी है। मामले के अनुसार अधिवक्ता शिव भट्ट ने हाईकोर्ट में पूर्व से विचाराधीन सचिदानन्द डबराल व अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया सम्बन्धी जनहित याचिका में कोर्ट के आदेशों के विपरीत विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा कोविड नियमों के विपरीत की जा रही रैलियों की तस्वीरें संलग्न कर एक प्रार्थना पत्र पेश किया था। जिसमें उनके द्वारा कहा गया है कि इन रैलियों से कोरोना संक्रमण फैलने की पूरी आशंका है।

## चुनाव ड्यूटी पर उत्तराखण्ड आए 30 जवान कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता** पौड़ी। जिले के कोटद्वार में बीएसएफ के 30 जवान कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। सभी जवान उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 की ड्यूटी में तैनात थे। सभी जवानों की ड्यूटी कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में लगी थी। पाजिटिव पाये जाने के बाद सभी जवानों को आइसोलेट कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 में बीएसएफ के जवानों की ड्यूटी लगी है। ड्यूटी पर जाने से पहले सभी जवानो का कोरोना टेस्ट कराया गया था, जिसमें से 30 जवान कोरोना पॉजिटिव निकले है। कोरोना पॉजिटिव निकले सभी जवानों को आइसोलेट कर दिया गया है। कोटद्वार सीओ केएल कोहली ने बताया कि बीएसएपी की 50वीं बटालियन की ई कंपनी के 82 जवानो को कोटद्वार विधानसभा में ड्यूटी के लिए भेजा गया था, जिसमें से 30 जवानों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी जवान भुज बॉर्डर से आए थे। उत्तराखंड में कोरोना तेजी से फैल रहा है।